

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

आज की मेहनत, कल की सफलता की नींव रखती है। हर दिन कुछ नया सीखो, सफलता खुद तुम्हें ढूंढ लेगी।

रविवार 12 अप्रैल 2026 बर्ष 02 अंक 99 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

## भारत–पुर्तगाल संबंधों के 50 वर्ष पूरा होने पर नालंदा विश्वविद्यालय में डायलॉग आयोजित

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** भारत और पुर्तगाल के आधुनिक कूटनीतिक संबंधों के 50 वर्ष पूरा होने पर नालंदा विश्वविद्यालय में दो दिवसीय भारत–पुर्तगाल संवाद किया गया। इसमें कू. टनीति, संस्कृति, भाषा एवं सतत भविष्य विषय पर दोनों देशों के कई डिप्लोमेट्स, स्कॉलर्स और पालिसी एक्सपर्ट्स हिस्सा लिए। इस अंतरराष्ट्रीय डायलाग के पहले दिन नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने विदेश मंत्रालय भारत सरकार के सचिव (पश्चिम) राजदूत सिबी जॉर्ज सहित भारत और पुर्तगाल से पधारे सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए शैक्षणिक सहयोग, शोध साझेदारी और विचारों के सतत आदान–प्रदान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने संस्थ. ागत और सरकारी स्तर पर द्विपक्षीय सहयोग को और सशक्त बनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। भारत में पुर्तगाल के राजदूत जोआओ रिबेरो डी अल्मेडा ने दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संबंधों और पीपल–टू–पीपल कनेक्ट को विस्तार से रखा। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा और कृषि जैसे क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग के साथ–साथ द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि का उल्लेख किया। यूनिवर्सिदादे दोस अजोरेस के वाइस–रेक्टर डॉ. फ्रांसिस्को मार्टिन्स ने विश्वविद्यालयों के बीच साझेदारी, संयुक्त शोध तथा शिक्षक एवं छात्रों के आदान–प्रदान को दीर्घकालिक सहयोग का प्रमुख आधार बताया। राजदूत सिबी जॉर्ज ने भारत और यूरोप, विशेष रूप से पुर्तगाल के साथ गहरे सभ्यतागत संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने राजनीतिक सहभागिता, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में प्रगति तथा जन–से–जन संबंधों की गहराई का उल्लेख करते हुए दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास को विशेष रूप से सबके समक्ष रखा। उन्होंने भारतदृयूरोपीय फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, रक्षा सहयोग और साझा भविष्य दृष्टि का भी उल्लेख किया। उद्घाटन सत्र में हिंदी. पुर्तगाली.हिंदी शब्दकोश (द्वितीय संस्करण) का विमोचन भी किया गया।





संवाद के अंतर्गत चार विषयगत सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें भारत–यूरोपीय संघ संबंध, साझा इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत, सतत विकास एवं व्यापार संबंध तथा भाषाई सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। समापन सत्र में अपने विशेष वर्चुअल संबोधन में पुर्तगाल में भारत के राजदूत पुनीत आर कुंडल ने नालंदा विश्वविद्यालय के संदर्भ में पुर्तगाल की विशिष्ट भूमिका को रेखांकित करते हुए इसे यूरोपीय संघ का एकमात्र हस्ताक्षरकर्ता देश बताया। उन्होंने कूटनीति, शिक्षा, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्रों में भारत–पुर्तगाल संबंधों की गहराई को रेखांकित किया तथा प्रमुख समझौतों के माध्यम से द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि का उल्लेख किया। प्रो. सचिन चतुर्वेदी के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने पुर्तगाली विश्वविद्यालयों के विद्वानों को एक मंच पर लाने की पहल को महत्वपूर्ण बताया और नालंदा विश्वविद्यालय के पुनः वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में उभरने पर विश्वास व्यक्त किया, जिसमें पुर्तगाल की महत्वपूर्ण साझेदारी होगी। इस डायलाग के दौरान नालंदा विश्वविद्यालय परिसर में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना द्वारा विदेश मंत्रालय की पासपोर्ट सेवा आपके द्वार पहल के अंतर्गत पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन शिविर का भी आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज तथा कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह पहल विश्वविद्यालय समुदाय के लिए आवश्यक पासपोर्ट सेवाओं को सुलभ बनाते हुए नागरिक–केंद्रित सेवा वितरण की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करने का काम करती है।





## युवाओं के कंधे पर है टीका है देश का भविष्य – विधायक

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** छात्रों को हमेशा सकारात्मक सोच रखना चाहिए। युवाओं के कंधे पर ही टीका है देश का भविष्य है। उनके विकास से ही बिहार गौरवांवित होगा। नीतीश कुमार के शासन में महिलाओं का तेजी से विकास हुआ। विद्यालय प्रशासन के द्वारा छात्राओं के लिए पिंक रूम बनाया जाना काफी सराहनीय कार्य है। ये बातें विधायक कौशल किशोर ने शनिवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुल में आयोजित दीक्षांत सह पुरस्कार वितरण समारोह में कहीं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रयास आज सार्थक हो रहा है। सरकारी सुविधा मिलने के बाद बेटियां बेटों को टक्कर दे रही है। हेडमास्टर माधवी ने कहा शिक्षकों की कमी के बाद भी दसवीं की परीक्षा में 60 प्रतिशत बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। यह परिणाम शिक्षकों का कड़ी मेहनत व अभिभावकों का भरपूर सहयोग का परिणाम है। दसवीं में जूली कुमारी तो 12 वीं में श्वेता कुमारी स्कूल टॉपर बनी। हमारे कई बच्चे विज्ञान के 100 में 97 अंक तो जीव विज्ञान में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस अवसर पर पेंटिंग, रंगोली, वाद विवाद, फैंसी ड्रेस, शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले छात्र–छात्राओं को पदक व प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया। सोमवार से स्मार्ट क्लास भी शुरू हो जायेगा। विद्यालय परिसर की बाउंड्री एवं शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए के अधिकारियों को लिखा गया है।

## मसौढ़ी में संत पंकज जी महाराज का सत्संग, शाकाहार और सदाचार का दिया संदेश





**केशववाणी मसौढ़ी (पटना)।** परम संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी संत पंकज जी महाराज इन दिनों 67 दिवसीय बिहार यात्रा पर हैं। उनकी शाकाहार, सदाचार, मद्यनिषेध एवं आध्यात्मिक–वैचारिक जनजागरण यात्रा का शनिवार को 35वां दिन रहा। शनिवार की संध्या मसौढ़ी प्रखंड के पभेरा गांव पहुंचने पर संत पंकज जी महाराज का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने बाजे–गाजे, कलश, फूल–मालाओं और पुष्पवर्षा के साथ उनका अभि. ानंदन किया। रविवार को आयोजित सत्संग में संत पंकज जी महाराज ने कहा कि सत्संग का उद्देश्य किसी व्यक्ति, धर्म, मजहब या देवी–देवताओं की निंदा करना नहीं, बल्कि परमात्मा के प्रति प्रेम और श्रद्धा जागृत करना है। उन्होंने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति जीवित अवस्था में ही संभव है। अपने प्रवचन में उन्होंने कबीर दास, गुरु नानक देव, रैदास, मीराबाई सहित विभिन्न संतों का उदाहरण देते हुए कहा कि सभी ने अलग–अलग समाज और वर्ग में जन्म लेकर भी प्रभु को प्राप्त किया। उन्होंने प्रसिद्ध दोहे कस्तूरी कुंडल बसे, मृग ढूंढे बन माहि का उल्लेख करते हुए बताया कि परमात्मा प्रत्येक जीव के भीतर विद्यमान हैं, लेकिन उसे बाहरी आंखों से नहीं देखा जा सकता। संत पंकज जी महाराज ने सरल साधना की तीन प्रमुख क्रियाओं–सुमिरन, ध्यान और भजन–को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि मांसाहार और नशा करने से मनुष्य की इंद्रियां चंचल हो जाती हैं, जिससे परिवार और समाज में गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने लोगों से शाक. ाहार अपनाने और नशे से दूर रहने की अपील की। सत्संग के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को 17 से 21 मई तक उत्तर प्रदेश के जयगुरुदेव आश्रम में आयोजित वार्षिक भंडारा सत्संग मेले में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुनील कुमार, डॉ. बिंदेश्वर, सुजीत कुमार, ललित पासवान, शिव कुमार, सूर्यबली सिंह, वीरेंद्र यादव, रामकुमार, बालकृष्ण शुक्ला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन की ओर से भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया गया। सत्संग के उपरांत जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव ग्राम बलुआचक (पुनपुन थाना, बेलदारीचक, मसौढ़ी) के लिए रवाना हो गई, जहां रविवार पूर्वाह्न 11:30 बजे से अगला सत्संग आयोजित किया जाएगा।

## विधायक हरिनारायण सिंह ने गंगौरा पंचायत सरकार भवन का फीता काटकर किया उद्घाटन

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत – चंडी प्रखंड क्षेत्र के गंगौरा पंचायत के कचलपुर गांव स्थित पंचायत सरकार भवन का हरनौत विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरिनारायण सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में आए हुए सभी मुख्य अतिथियों को स्थानीय मुखिया अनिरुद्ध चौधरी के द्वारा अंग वस्त्र एवं बुके और माला पहनकर स्वागत किया गया। विधायक हरिनारायण सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि 2 करोड़ 54 लख रुपए की लागत से नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया गया था। जिसका उद्घाटन किया गया है।उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार ने कहा था कि आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांव तक सरकार पहुंचेगी जिसकी बादा पंचायत सरकार भवन के माध्यम से पूरा किया गया है। अब क्षेत्र वासियों को जाति, आय, आवासीय या वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन, मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी कागजात के लिए के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। जिससे काम में तेजी और पारदर्शिता आएगी। पंचायत से संबंधित सभी पदाधिकारी एवं कर्मी पंचायत सरकार भवन में ही मौजूद रहेंगे। उन्होंने सप्ताह में काम से कम दो बार चाय से संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को पंचायत सरकार भवन में बैठने का निर्देश भी दिए हैं। ताकि जनता को छोटी–मोटी कार्य के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े। मुखिया और सरपंच के बैठने के लिए भी पंचायत सरकार भवन में कार्यालय दिया गया है। पंचायती राज पदा. धिकारी उमेश कुमार एवं मुखिया को विधायक ने चाबी देकर पंचायत सरकार भवन हैंड ओवर कर दिया।




उन्होंने निंदा करते हुए कहा कि पंचायत सरकार भवन में जनता के लिए सुचारू रूप से कार्य हो इसको लेकर विधानसभा में और जिला स्तर पर बात उठाऊंगा। पंचायत सरकार भवन सिर्फ शोभा के लिए नहीं बल्कि क्षेत्र के विकास और जनता की समस्या का निष्पादन करने के लिए बनाए गए हैं। कहा कि केंद्र की नीति और राज्य सरकार की कार्यशैली के बल पर आम लोगों को सड़क पानी एवं 24 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे उसके बाद नया मुख्यमंत्री का चेहरा सामने आ जाएगा। वही मौके पर जदयू के बीडीओ राजदेव रजक, जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार उर्फ सुनील कुमार, रामप्रवेश सिंह, मुकेश कुमार, प्रमुख पति नरेश पासवान, उप प्रमुख दयानंद कुमार और लक्ष्मण,कमलेश, संतोष,निरंजन, हुलास, सरवन, रवि शंकर,गौरव, अरुण, संजीत समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।





Mob:- 9931909825, 7004010773 Abhishek Kr. ( Reporter)
8271042705, 9546290822 (Pankaj Sale & Service)

**अजन्ता मैरेज हॉल**

यहाँ AC एवं NON AC HALLS की सुविधा उपलब्ध है।

नोट:- हमारे यहाँ शादी-विवाह, रिंग सेरेमणि, रिसेप्शन, वर्थ-डे पार्टी सेमिनार, मीटिंग एवं अन्य अवसर के लिए उत्तम व्यवस्था है।

पता:- मिलपर, कॉलेज & रेलवे स्टेशन रोड नूरसराय (नालन्दा)

# चेरो सूर्य मंदिर परिसर में तीन दिवसीय नारायण पीठ पर मानव धर्मशास्त्र कथा को लेकर 1101 महिला श्रद्धालुओं के द्वारा निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के चेरो ओपी थाना के निकट नेशनल हाईवे 20 किनारे स्थित चेरो सूर्य मंदिर तालाब परिसर में तीन दिवसीय नारायण पीठ पर मानव धर्मशास्त्र कथा का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को लेकर पहले दिन शनिवार की सुबह 8 बजे भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया। आयोजन कर्ता रमाकांत वर्मन ने बताया कि अवधूत देवीदास सेवा संस्था नारायणी धाम अलवर राजस्थान के द्वारा पहली बार नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेरो सूर्य मंदिर तालाब परिसर के निकट तीन दिवसीय नारायण पीठ, महायज्ञ एवं मानव धर्मशास्त्र कथा का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि कलश शोभा यात्रा के बाद कथा का शुभारंभ हो गया है। कलश शोभा यात्रा में चेरो ,खरुआरा, द्वारिका बीघा एवं आसपास के कई गांव से 1101 कन्याकुमारी एवं महिला श्रद्धालुओं ने पीले वस्त्र धारण कर कलश शोभा यात्रा में शामिल हुए।चेरो गांव स्थित देवी स्थान मंदिर में पंडितों के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद कलश में पवित्र जल भर गया। उसके बाद पूरा क्षेत्र भ्रमण करने के बाद कलश को कथा स्थल पर लाकर संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि कथा के दूसरे दिन 12 अप्रैल रविवार को गुरु प्रसाद के रूप में वस्त्र वितरण किया जाएगा। एवं कार्यक्रम के अंतिम दिन 13 अप्रैल सोमवार को गुरु प्रसाद एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा जिसमें पूरे प्रखंड क्षेत्र वासियों एवं जिला वासियों को आमंत्रित किया गया है। रमाकांत वर्मा ने बताया कि अवधूत देवीदास सेवा संस्था के तरफ से ग्राम पंचायत चेरो के उत्थान एवं आध्यात्मिक उत्थान के लिए कथा का आयोजन किया गया है। इस महायज्ञ में अवधूत देवदास महाराज के परमशिष्य अवधूत लक्ष्मी नारायण के द्वारा लिखित मानव धर्मशास्त्र की रचना की गई है।




इसका तीन दिन का अखंड जाप होगा। उन्होंने बताया कि चेरो की भूमि एक ऐसी भूमि है जहां वर्धमान महावीर यहां हुए उस समय 50 हजार अपने अनुयायियों के साथ क्षेत्र के गांव जा जाकर परिक्रमा करते थे। लोगों के बीच जाकर शांति, सौहार्द एवं प्रेम का संदेश पहुंचाने का काम करते थे। उन्होंने कहा कि अभी भी चेरो के संगत पर उनकी मूर्ति स्थापित थे और वहां बड़े ही धूमधाम से पूजा अर्चना किया जाता है।वही मौके पर मौजूद चेरो पंचायत के पूर्व मुखिया भगवान दास यादव ने बताया कि इस तरह के आध्यात्मिक अनुष्ठान होने से क्षेत्र में भक्ति आस्था और सामुदायिक एकजुट को बढ़ावा मिलता है। इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।



इस मौके पर सुदामा बाबा, विनीता वर्मा,विजय सिंह,नीतीश कुमार,दुलार्चन यादव,अशोक यादव, विनोद कुमार सिंह,रामजोत पासवान,विनोद यादव,राजेश यादव,मुन्ना देव, दानी पासवान,जमींदर पासवान,रौशन यादव,विकास,छोटू समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# नालंदा में बीपीएससी परीक्षा को लेकर सख्ती धारा 163 लागू–500 गज दायरे में निषेधाज्ञा

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के लिए नालंदा जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिला दंडा. धिकारी, नालंदा के संयुक्त आदेश के तहत बिहारशरीफ अनुमंडल क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित यह परीक्षा विज्ञापन संख्या 07/2025 के अंतर्गत 14, 15, 17, 18, 20 एवं 21 अप्रैल 2026 को तीन चरणों में संपन्न होगी। पहला चरण 14 एवं 15 अप्रैल, दूसरा चरण 17 एवं 18 अप्रैल तथा तीसरा चरण 20 एवं 21 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। प्रशासन के अनुसार, परीक्षा बिहारशरीफ अनुमंडल मुख्यालय स्थित कुल 15 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। इनमें नालंदा कॉलेज, सोगरा कॉलेज, बिहार टाउन उच्च विद्यालय, एसएस बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पीएल साहू +2 उच्च विद्यालय, नेशनल +2 उच्च विद्यालय, राजकीय कन्या +2 उच्च विद्यालय, रोजमेरी लैंड स्कूल, सनबीम सेंट्रल स्कूल सहित अन्य शिक्षण संस्थान शामिल हैं। जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सभी परीक्षा केंद्रों के 500 गज के दायरे में परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिन पूर्व से लेकर परीक्षा समाप्ति तक निषेधाज्ञा प्रभावी रहेगी। इस दौरान पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही किसी भी प्रकार के हथियार, चाहे वह लाइसेंसी ही क्यों न हो, लेकर चलने पर रोक लगाई गई है। परीक्षा के दौरान केंद्रों के आसपास अनधिकृत आवाजाही भी प्रतिबंधित रहेगी। परीक्षार्थियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि वे लेखन सामग्री के अलावा कोई भी वस्तु, विशेष रूप से मोबाइल फोन, परीक्षा केंद्र में न ले जाएं। उल्लंघन की स्थिति में कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इसके अतिरिक्त, परीक्षा अवधि में संबंधित केंद्रों के 500 गज क्षेत्र के भीतर स्थित सभी फोटोस्टेट दुकानें, साइबर कैफे एवं कोचिंग संस्थान सुबह 10 बजे से परीक्षा समाप्ति तक बंद रहेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्रों एवं लाउडस्पीकर के उपयोग पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के तहत सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सशस्त्र बलों की तैनाती की है। इसके साथ ही गश्ती दल भी सक्रिय रहेंगे, जो लगातार क्षेत्र में निगरानी करेंगे। हालांकि, यह आदेश परीक्षा कार्य में लगे अधिकारियों, पुलिस बल, शवयात्रा एवं शारीरिक रूप से असमर्थ व्यक्तियों पर लागू नहीं होगा। अनुमंडल दंडाधिकारी, बिहारशरीफ श्री किसलय श्रीवास्तव द्वारा जारी यह आदेश 13 अप्रैल 2026 से 21 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।




# मलमास मेला 2026 की तैयारियों को लेकर प्रशासन सख्त, डीएम ने दिए व्यापक दिशा-निर्देश

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मलमास मेला 2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में 11 अप्रैल 2026 को जिला पदाधिकारी श्री कुंदन कुमार की अध्यक्षता में राजगीर स्थित आईसीसी सभागार में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि आगामी मलमास मेला 17 मई 2026 से 15 जून 2026 तक राजगीर में आयोजित होगा। इस दौरान ब्रह्म कुंड में स्नान के लिए देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया गया। जिला पदाधिकारी ने मेला के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन सेवाएं, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य सुविधाएं, शरण स्थल, शौचालय, चेंजिंग रूम, साफ–सफाई, नियंत्रण कक्ष, हेल्प डेस्क, आवासन, खानपान, हाई मास्ट लाइटिंग, ट्रैफिक चेक पोस्ट एवं बैरिकेडिंग समेत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि मेला अवधि के दौरान आमजन एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए पूरे मेला क्षेत्र में दंडाधिकारियों, पुलिस बल, महिला पुलिस एवं स्वयंसेवकों की पर्याप्त तैनाती की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से भीड़ पर सतत नजर रखी जाएगी।




यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों का निर्धारण किया जाएगा और पार्किंग स्थलों को चिन्हित किया जाएगा। वहीं स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस, स्ट्रेचर, आवश्यक दवाएं, मेडिकल कैंप और चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मेला में खोए हुए व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए सूचना केंद्र बनाए जाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए कैंटीन, "दीदी की रसोई" और सस्ती रोटी काउंटर की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके अलावा एआई काउंटर, मोबाइल एप और वेबसाइट के माध्यम से भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।श्रद्धालुओं के ठहराव के लिए रेलवे स्टेशन, मेला थाना, धुनीवर, बस स्टैंड, झुनकिया बाबा, ब्रह्म कुंड घाट, स्टेट गेस्ट हाउस, सैनिक स्कूल, महाराजा होटल, गढ़ महादेव, वैतरणी एवं पीएचईडी कैंपस सहित विभिन्न स्थानों पर वाटरप्रूफ यात्री शेड (टेंट सिटी) का निर्माण किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने ब्रह्म कुंड में प्राकृतिक जलधारा के अविरल प्रवाह को बनाए रखने के लिए आसपास के क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिए। साथ ही वैतरणी घाट की साफ–सफाई, मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य को हर हाल में समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया। शाही स्नान के दौरान भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। प्रवेश एवं निकास द्वारों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। बैठक में जिला वन पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, वरीय उप समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कुल मिलाकर प्रशासन इस बार मलमास मेला को सुरक्षित, व्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने के लिए पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है।

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# रोटरी क्लब बिहारशरीफ द्वारा मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, 400 छात्रों का हुआ परीक्षण

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** रोटरी क्लब बिहारशरीफ की ओर से शनिवार सुबह गोरक्षिणी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में एक मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। समाज कल्याण के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता को निभ: ाते हुए आयोजित इस शिविर में लगभग 400 छात्रों को मुफ्त जांच और चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। अनुभवी चिकित्सकों और विशेषज्ञों की टीम ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें व्यक्तिगत सलाह दी। शिविर में विशेष रूप से आंखों की जांच और दंत स्वास्थ्य पर ध्यान दिया गया। साथ ही डॉक्टरों द्वारा स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर एक संक्षिप्त जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर पैथोलॉजिस्ट डॉ. अजय कुमार (प्रोजेक्ट चेयरमैन), शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय




कुमार सिन्हा, डॉ. पंकज कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय कुमार, डेंटिस्ट डॉ. अस्मिता एवं डॉ. ललित प्रभाकर ने छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. आशुतोष कुमार एवं डॉ. विजय कुमार ने विद्यालयों में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया। अंत में रोटरी क्लब बिहारशरीफ ने विद्यालय प्रशासन, प्रधानाध्यापिका श्रीमती ऋचा कुमारी, कार्यक्रम संचालिका श्रीमती अनीता प्रसाद तथा सभी चिकित्सा स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# तेलमर पंचायत के हिरदन बीघा गांव के खंधा में लगी आग लगभग 10 से 12 बीघा में लगे गेहूं की फसल जलकर हुआ नष्ट

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों आग लगी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। प्रत्येक दिन कहीं ना कहीं आग लगी की घटना से किसानों को भारी कीमत चुकाना पड़ रहा है। इसी कड़ी में हरनौत प्रखंड क्षेत्र के हिरदन बीघा गांव के खंधा में शनिवार की सुबह लगभग 9 बजे गेहूं के तैयार फसल में आग लग जाने से किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। घटना के संबंध में तेलमर पंचायत के वनगच्छा गांव निवासी सह जदयू नेता रोहित कुमार सिंह ने बताया कि हिरदन बीघा गांव के इजरा खंधा में अचानक आग लग गया। उसके बाद किसान दौड़कर वहां पहुंचे उसके बाद आग बुझाने में जुट गए। वही घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग के कर्मी ने ग्रामीणों के सहयोग से आग को बुझाने में कामयाब हुआ।इस आग लगी में हिरदन बीघा गांव के नागेंद्र प्रसाद के दो एकड़, शेखर कुमार के तीन एकड़, अरविंद महतो के एक एकड़ एवं ओमप्रकाश के मिलाकर कुल 10 से 12 बीघा में लगे गेहूं की फसल जलकर खाक हो गया।




रोहित कुमार सिंह ने बताया कि अगर समय पर ग्रामीण लोग दौड़कर खेत में जाकर आग को नहीं बुझते तो और अधिक खेतों में आग लगने की संभावना था। हालांकि आग कैसे लगी है इसकी जानकारी स्पष्ट नहीं हो पाई है। आशंका जताया जा रहा है कि अज्ञात कारण के वजह से गेहूं के खेत में आग है।वही पीड़ित किसानों के द्वारा संबंधित पदाधिकारी को लिखित आवेदन देखकर उचित मुआवजे की मांग की है।

# भाजपा नालंदा कार्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय जनता पार्टी नालंदा जिला कार्यालय में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने की, जबकि मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष नीरज कुमार डब्ल्यू द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले समाज में शिक्षा, समानता और महिला सशक्तिकरण के अग्रदूत थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में दलित, पिछड़े और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया तथा समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि फुले जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और हमें उनके आदर्शों को अपनाकर एक सशक्त एवं समरस समाज के निर्माण की दिशा में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के साथ ही जिला स्तरीय बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।




इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, तेज. स्विता राधा, नीरज कुमार डब्ल्यू, शिव शंकर दास, डॉ. आशुतोष कुमार, शैलेंद्र कुमार, साबो देवी, जिला मंत्री रंजू कुमारी, प्रवीण सिंह, कंचन कुमारी, योगेंद्र कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष डॉ. संध्या सिंहा, उजाला सोनी, आईटी सेल संयोजक अमित शान, कार्यालय मंत्री गोपाल कुमार, सुभाष सिंह सहित सभी मंडल अध्यक्ष एवं संयोजकगण मौजूद रहे।




# स्थानांतरण पर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के बीसी को दी गई भावभीनी विदाई

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड में कार्यरत लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के प्रखंड समन्वयक( बीसी) प्रियदर्शनी के स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई दी गई। उन्हें बुके भेंटकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों व कर्मी ने सम्मानित किया। उन्हें अंगवस्त्र और उपहार भेंट दी।यह विदाई समारोह प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में शनिवार को किया गया।इस दौरान केक काटकर उनकी कार्यकाल को सराहा। वहीं तेलमर मुखिया सह जद(यू) नेता हरिनारायण सिंह ने कहा कि प्रखंड में 16 पंचायत है।इनके कार्यकाल में शौचालय निर्माण हो , डब्लूपीयू निर्माण हो चाहे विभिन्न पंचायतों में साफ सफ़ाई की व्यवस्था हो उसने बेहतरीन तरिके आपने ड्यूटी निभाते हुए एक पटल पर लायी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के मामले में जिले में गोनावां पंचायत के मुखिया अमरेश उपाध्याय भी उन्हीं के कार्यकाल में सम्मानित हुए । वहीं समाजसेवी चंद्रोदय कुमार ने कहा कि नौकरी में आने के बाद स्थानांतरण होना स्वाभाविक है। उनकी कार्यकाल हरनौत वासियों के ह्रदय में याद रहेगा। वहीं प्रियदर्शिनी ने बताई कि मेरी नौकरी सबसे पहली बार करायपरसुराय में लगी थी।इसके बाद 29 जुलाई 2022 को हरनौत में आयी । उन्होंने कहा कि हमारा स्थानांतरण गृह जिला (शेखपुरा)में हुई है।इसकी मांग की थी।मौके पर प्रखंड नाजिर कौशल कुमार,आईटी सहायक सूरज, बीपीआरओ कार्यालय से संतोष कुमार, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान कार्यालय से पंकज कुमार, कार्यपालक सहायक में चंद्रमनी, शिक्षक मनीष,राहुल व अनिल, स्वच्छता सूपरवा. ईजर में अशोक,संटु व पप्पु,लीपीक , मनीष समेत अन्य मौजूद थे।

# नालंदा में ब्राउन शुगर ओवरडोज से युवक की संदिग्ध मौत, खंडहर से शव मिलने पर मचा हड़कंप

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** दीपनगर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना नवीनगर गांव के समीप एक खंडहरनुमा घेरे के पास की है। मृतक की पहचान दीपनगर बाजार निवासी संजय प्रसाद के 21 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि अभिषेक दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसने स्नातक की पढ़ाई पूरी कर ली थी और वर्तमान में वीडियोग्राफी का कार्य करता था। घटना के संबंध में मृतक के चाचा रवि कुमार और भाई अंकुश कुमार ने बताया कि शुक्रवार शाम अभिषेक को उसके एक दोस्त ने फोन कर घर से बाहर बुलाया था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों का आरोप है कि उसी दोस्त ने अभिषेक को ब्राउन शुगर का ओवरडोज दे दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। शव पर इंजेक्शन के निशान भी पाए गए हैं। शनिवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे, तभी उनकी नजर खंडहरनुमा घेरे के अंदर पड़े शव पर पड़ी, जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। घटनास्थल मृतक के घर से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर बताया जा रहा है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पा. `स्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला ब्राउन शुगर के ओवरडोज से मौत का प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल से सिरिंज एवं अन्य नशीले पदार्थों के रैपर भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।




अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# धूमधाम से मनाया गया कस्तूरबा गांधी जयंती सह कस्तूरबा विद्यालय का स्थापना दिवस, आठवी की 31 छात्राओं को दी गई विदाई

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** सिलाव प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शनिवार को कस्तूरबा गांधी जयंती व स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। वहीं कक्षा आठवीं उत्तीर्ण करने वाली 31 छात्राओं को विदाई भी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन डीपीओ मो. शाहनवाज और मुख्य पार्षद जय लक्ष्मी ने की। प्रभारी वार्डेन प्रिया कुमारी ने बताया कि कुल 31 छात्राओं ने आठवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिनमें 5 समावेशी (विशेष आवश्यकता वाली) छात्राएं भी शामिल हैं। इन सभी छात्राओं को स्कूल बैग, वाटर बोतल, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स, कॉपी–कलम तथा विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डीपीओ मो. शा. हनवाज ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की किशोरियों को शिक्षा से जोड़ना एक बड़ी चुनौती थी। अभिभावकों के मन से सुरक्षा का डर खत्म करना और स्कूल छोड़ चुकी बच्चियों को वापस लाना ही कस्तूरबा विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है।



इन आवासीय विद्यालयों में सरकार छात्राओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान कर रही है। मंच का संचालन कर रहे मध्य विद्यालय सिलाव के प्रधानाध्यापक चंद्रमौली ने कहा गुरु–शिष्य की अटूट परंपरा ही इस विद्यालय की असली पहचान है। इस मौके पर लेखापाल अनामिका कुमारी, समावेशी शिक्षिका आरती सिन्हा, कुमार शशि रंजन, सुदामा कुमार, रेखा देवी, बबली देवी सहित अन्य मौजूद थे।

# बाल विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न, बच्चों ने प्रस्तुतियों से बांधा समां

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर नगर के सत्यारगंज मो. हल्ला स्थित बाल विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव समारोह नगर के टाउन हॉल सभागार में बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। नृत्य और संगीत की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और दर्शकों का मन मोह लिया। गायन प्रतियोगिता में साहिल कुमार को दर्शकों ने खूब सराहा, जबकि नृत्य प्रस्तुति में सलोनी आरफा एवं आराध्या ने तालियों की गूंज बटोरी। समूह नृत्य में आर्यन ग्रुप की प्रस्तुति भी खास आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2025–26 की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर परिषद के उपाध्यक्ष सह प्रखंड जदयू अध्यक्ष तनवीर आलम ने किया। समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में डॉ. बिनोद कुमार, भाजपा नेता विजय विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजेश



खन्ना, शंकर विश्वकर्मा, समाजसेवी डॉ. प्रो. उमेश प्रसाद, भाजपा नेता वीरेन्द्र गोप तथा पूर्व उपमुख्य पार्षद डॉ. मोख्तार आलम उपस्थित रहे।विद्यालय के प्राचार्य रंजीत कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों अभिभावक, शिक्षाप्रेमी, शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन करते नजर आए।

# राजगीर जू सफारी में नेचर गाइड प्रशिक्षण सम्पन्न, 25 गाइड्स हुए प्रमाणित

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोट (नालंदा)।** The Naturalist School के तत्वावधान में आयोजित 390 घंटे का सर्टिफाइड नेचर गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। इस प्रशिक्षण में Rajgir Zoo Safari के 25 गाइड्स ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्किल इंडिया क्वालिफिकेशन पैक (QP THC@Q8701) के अनुरूप तैयार किया गया था, जो पूरी तरह अनुभवात्मक (एक्सपीरिएंशियल) पद्धति पर आधारित रहा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वनस्पति एवं जीव–जंतुओं की जानकारी, नेचर इंटरप्रिटेशन (प्रकृति व्याख्या), कहानी कहने की कला, थिएटर आधारित गतिविधियाँ, मार्गदर्शन कौशल तथा प्रा. थमिक उपचार (फर्स्ट एड) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का समापन समारोह राजगीर जू सफारी परिसर में आयोजित किया गया, जहां प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर निदेशक श्री रामसुंदर एवं उपनिदेशक अजय कुमार उपस्थित रहे। निदेशक श्री रामसुंदर ने अपने संबोधन में कहा कि राजगीर जू सफारी में हर वर्ष लाखों पर्यटक आते हैं। ऐसे में गाइड्स की भूमिका केवल जानकारी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे नेचर इंटरप्रिटर के रूप में पर्यटकों को प्रकृति



से जोड़ते हैं, उन्हें प्रेरित करते हैं और उनके अनुभव को जीवंत बनाते हैं। प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अपने जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि इस कोर्स ने उन्हें प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक किया है और साथ ही स्थानीय समुदाय व पर्यटकों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने में भी मदद की है।प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण देने वाली संस्था जीम छंजनतंसपेज ैबीववस की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। इस टीम में पाठ्यक्रम निदेशक प्रकृति सुब्रमण्यम तथा संकाय सदस्य सुजीत उदयवर, अनिकेतन सी और विष्णुप्रिया हथवार शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि द नेचुरलिस्ट स्कूल देश में प्रकृति शिक्षा और नेचर इंटरप्रिटेशन के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान है, जो अनुभवात्मक शिक्षण के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ–साथ प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य कर रहा है।



# बैंकों की नीतियों के खिलाफ एनसीपी का प्रदर्शन, बिहारशरीफ में पुतला दहन

**केशववाणी विनय शंकर की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में बैंकों की कार्यप्रणाली एवं कथित मनमानी के खिलाफ राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जोरदार विरोध–प्रदर्शन किया। पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकुमार पासवान के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अस्पताल चौक, बिहारशरीफ में विभिन्न बैंकों के क्षेत्रीय एवं शाखा प्रबंधकों का पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बिहार ग्रामीण बैंक, केनरा बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया तथा पंजाब एंड सिंध बैंक के खिलाफ किया गया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि इन बैंकों द्वारा गरीब एवं बेरोजगार युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने में भारी अनियमितताएं बरती जा रही हैं। पुतला दहन के बाद जिलाध्यक्ष राजकुमार पासवान ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) एवं मुद्रा योजना जैसी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद युवाओं तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक अधिकारी मनमानी, तानाशाही एवं अफसरशाही रवैया अपनाते हुए केवल उन्हीं लोगों को ऋण देते हैं, जिनसे उन्हें मोटी कमीशन मिलती है। उन्होंने कहा कि गरीब एवं बेरोजगार युवक–युवतियां बार–बार बैंकों के चक्कर लगाकर थक जाते हैं, लेकिन उन्हें ऋण नहीं मिल पाता। वहीं, दलालों के माध्यम से कमीशन देने वालों को आसानी से लोन उपलब्ध करा दिया जाता है।राजकुमार पासवान ने यह भी आरोप लगाया कि जब कोई बेरोजगार युवक अपनी समस्या लेकर बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक से मिलने जाता है, तो उसे डांट–फटकार कर भगा दिया जाता है। इस तरह के रवैये से प्रतीत होता है कि बैंक प्रबंधक संस्थान को अपनी निजी जागीर समझते हैं। उन्होंने मांग की कि सभी संबंधित बैंक अधिकारियों की संपत्ति की जांच कराई जाए ताकि भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हो सके। साथ ही सरकार से अपील की कि यदि ये बैंक गरीबों को ऋण देने में असफल रहते हैं, तो इनका निजीकरण किया जाए। एनसीपी नेताओं ने चेता. वनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर रामदेव पासवान, आरती रानी, ब्रह्मदेव पासवान, संजय पासवान, पप्पू कुमार, मकसूदन पासवान, नागेंद्र कुमार, भोला पासवान, दिनेश यादव, अनुज सिंह, शिवशंकर सिंह, कुसुम कुमारी, फिरोज खान, मोहम्मद इमरान खान, आजाद खान, ममता देवी, उषा देवी, नवीन कुमार, मिथिलेश पासवान, टुनटुन पासवान, राकेश पासवान, कविता कुमारी, राजू कुमार, अजीत कुमार, चंदन यादव, विलास पासवान, वाल्मीकि पासवान, विजय पासवान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। प्रदर्शन के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था भी चौकस रही और पूरे कार्यक्रम पर नजर रखी गई।

# नालंदा में साइबर ठगी का खुलासा– अल्ट्राटेक सीमेंट के नाम पर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अल्ट्राटेक सीमेंट के नाम पर लोगों को ठगने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई साइबर पुलिस पोर्टल से प्राप्त संदिग्ध मोबाइल नंबरों के आधार पर की गई। पुलिस के अनुसार, बिहार थाना क्षेत्र के मनीराम अखाड़ा मो. हल्ला स्थित एक किराए के मकान से आरोपी व्हाट्सएप के माध्यम से लोगों से संपर्क करते थे और होटल बुकिंग सहित विभिन्न बहानों से उन्हें झांसा देकर ठगी करते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सचिन कुमार (पिता–रामधनी पंडित) एवं सोनू कुमार (पिता–कपिल पंडित), दोनों निवासी ग्राम तेतरावा, थाना मानपुर, जिला नालंदा के रूप में की गई है। इस संबंध में नालंदा साइबर थाना में कांड संख्या 90/26, दिनांक 10 अप्रैल 2026 को मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को विधिवत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। बरामदगी में मोबाइल और एटीएम कार्ड शामिल पुलिस ने आरोपियों के पास से ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे 9 स्क्रीनटच मोबाइल फोन और 2 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। बरामद सामग्री के आधार पर मामले की गहराई से जांच की जा रही है। इस मामले के सफल उद्भेदन में पुलिस निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, सहायक अवर निरीक्षक शैलेश कुमार झा, सिपाही पुनेश कुमार तथा सिपाही रौशन कुमार (जिला आसूचना इकाई) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# होटल बुकिंग के नाम पर साइबर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में बढ़ते साइबर अपराध पर नकेल कसते हुए पुलिस ने होटल बुकिंग के नाम पर ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई साइबर पुलिस पोर्टल से प्राप्त संदिग्ध मोबाइल नंबरों के आधार पर की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी व्हाट्सएप के माध्यम से होटलों में कमरा बुकिंग कराने का झांसा देकर भोले–भाले लोगों को अपने जाल में फंसाता था और उनसे पैसे ठग लेता था। मामले में संलिप्त बलराम कुमार (पिता–स्व. अरविंद यादव), निवासी ग्राम रसलपुर, थाना बिंद, जिला नालंदा को मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पलनी (खंधा) से गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में नालंदा साइबर थाना कांड संख्या 85/26, दिनांक 04 अप्रैल 2026 को दर्ज किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को विधिवत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे तीन स्क्रीनटच मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। इस मामले के सफल उद्भेदन में पुलिस निरीक्षक कुमारी उषा सिन्हा, सहायक अवर निरीक्षक पवन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक शैलेश कुमार झा, सिपाही विजय कुमार, सिपाही पुनेश कुमार तथा सिपाही रौशन कुमार (जिला आसूचना इकाई) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

BP
Shri Sai
Mob: - 7033325120
Brotherhood Properties Pvt Ltd
जमीन | मकान | दुकान | खरीद | बिक्री | निवेश | किराया
Pillar no-26, Ranchi Road Bihar Sharif Naanda 803101

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120